सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 110 | इंदौर, मंगलवार 04 नवंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. ASI Sandeep Suicide Case: पत्नी को सरकारी नौकरी, बच्चों की पढ़ाई में आर्थिक मदद; सरकार ने मानी ये तीनों मांगें
2. BJP ने सभी 101 नाम घोषित किए: तीसरी सूची में 18 उम्मीदवारों का एलान, तेजस्वी के खिलाफ सतीश कुमार को दिया टिकट

भेरूघाट में हादसा

# खाई में गिरी बस और कार, 4 मौतें...

### शराब के नशे में था ड्राइवर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**महू/इंदौर**। इंदौर जिले के महू में यात्रियों से भरी एक बस और कार टक्कर हो गई। टक्कर होते ही दोनों वाहन गहरी खाई में गिर गए। इस हादसे में 3 महिलाओं समेत 4 यात्रियों की मौत हो गई। जबकि करीब 12 यात्री घायल हो गए। इनमें से 8 लोग इंदौर के एमवाय अस्पताल और 4 घायल महू के सिविल अस्पताल में भर्ती है।

हादसा सोमवार रात करीब 9.40 बजे सिमरोड के पास भेरूघाट पर हुआ। बताया जा रहा है कि बस ओंकारेश्वर से इंदौर की ओर आ रही थी। तभी उसकी कार से टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि बस में करीब 40 यात्री सवार थे। यात्रियों का कहना है कि बस ड्राइवर ने शराब पी रखी थी।

हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस और प्रशासन की टीम पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया। करीब 30 यात्रियों को सुरक्षित निकाला गया। कुछ लोगों को बस के कांच तोड़कर बाहर निकालना पड़ा। एडिशनल एसपी रूपेश द्विवेदी ने बताया कि दो महिलाओं की मौके पर मौत हुई है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने तत्काल एसडीएम महू को मौके पर भेजकर घायलों को इंदौर के एमवाय अस्पताल पहुंचाया। कलेक्टर ने पूरी घटना के जांच के आदेश भी दिए है।

हादसे में इन 4 लोगों की मौत



महू के भेरूघाट पर हुए हादसे में 4 लोगों की मौत हुई है। इसमें पद्मा बाई (45) निवासी तिलक नगर इंदौर और राहुल (25) निवासी देवरिया यूपी के शव महू के सिविल अस्पताल लाए गए हैं। जबकि अनिता (40) पति अशोक राव निवासी न्यू गोरी नगर इंदौर का शव एमवाय अस्पताल लाया गया है। एमवाय में भर्ती सरला (45) पति चिंतेश, निवासी न्यू गोरी नगर ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। कुल 12 लोग घायल हुए हैं। इनमें से 8 घायल इंदौर के एमवाय अस्पताल में भर्ती हैं। जबकि 4 घायल महू के सिविल अस्पताल में भर्ती है।

### सीएम ने जताया दुख, 2-2 लाख के मुआवजे का ऐलान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए का मुआवजा देने का ऐलान किया है। साथ ही घायलों के इलाज के निर्देश दिए हैं।

सीएम डॉ. मोहन यादव ने शुरू की समाधान योजना

# 90 लाख उपभोक्ताओं का 100 प्रतिशत सरचार्ज छूट का लाभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश में सबसे सस्ती बिजली देने वाला राज्य बनेगा। किसानों को प्रतिदिन 10 घंटे निर्बाध बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। घरेलू, कृषि और औद्योगिक उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए राज्य सरकार ने तीन हजार करोड़ रुपये के सरचार्ज को माफ करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री सोमवार को एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी के नव निर्मित भवन के लोकार्पण और समाधान योजना के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। अब बिजली बिलों के पुराने बकाए का समाधान भी आसान तरीके से किया जा सकेगा।**

### उपभोक्ताओं का 100% सरचार्ज माफ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि समाधान योजना के माध्यम से प्रदेश के 90 लाख उपभोक्ताओं का 3 हजार करोड़ से अधिक का बिजली बिल सरचार्ज माफ किया जा रहा है। समाधान योजना में 3 माह तक का सरचार्ज रखने वाले उपभोक्ताओं को 100 प्रतिशत सरचार्ज छूट का लाभ मिलेगा। आज ऊर्जा विभाग के भव्य भवन का लोकार्पण हुआ है। यह ऊर्जा विभाग के अंतर्गत कार्यरत तीनों कंपनियों को संचालन के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसानों को सिंचाई के लिए निर्बाध 10 घंटे बिजली देने के लिए संकल्पित है। ऊर्जा विभाग सबके लिए रोशनी और सबकी प्रगति के भाव से आगे बढ़ रहा है।




### 50% ऊर्जा की जरूरतें सौर ऊर्जा से पूरी जाएगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 2030 तक 50 प्रतिशत ऊर्जा की जरूरतें सौर ऊर्जा से पूरी की जाएंगी। इसके लिए राज्य में बड़े पैमाने पर सोलर प्रोजेक्ट्स विकसित किए जा रहे हैं। किसानों के खेतों पर सोलर पैनल लगाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। अब तक प्रदेश में 5400 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं कार्यरत हैं और यह संख्या तेजी से बढ़ाई जा रही है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा विभाग की समाधान योजना में उपभोक्ताओं को पुराने बिलों के निपटारे का अवसर दिया जा रहा है। इसके तहत विलंबित भुगतान पर सरचार्ज पूरी तरह माफ किया जाएगा। योजना से घरेलू, कृषि और औद्योगिक तीनों श्रेणी के उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

### एमपी में बिजली उत्पादन क्षमता तेजी से बढ़ रही

मुख्यमंत्री ने बताया कि बिजली की दरों को स्थिर रखने और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए सरकार लगातार नीतिगत सुधार कर रही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में बिजली उत्पादन क्षमता तेजी से बढ़ रही है। वर्तमान में प्रदेश की आवश्यकता से अधिक बिजली उपलब्ध है। डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के साथ-साथ आम उपभोक्ता की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। ऊर्जा विभाग की दक्षता बढ़ाने के लिए तकनीकी सुधारों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की ऊर्जा प्रणाली को और मजबूत बनाने के लिए आधुनिक प्रबंधन प्रणाली लागू की जा रही है।

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा-

# मदरसों में पढ़ाने वालों की जानकारी सरकार को हासिल करना चाहिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मध्यप्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मदरसों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मदरसों से जुड़े केंद्रों में अवैध गतिविधियां सामने आ रही है। वे खंडवा जिले के मदरसे में 20 लाख रुपये के नकली नोट बरामद किए जाने के सवाल का जवाब दे रहे थे।**

उन्होंने कहा कि अब बाहर के लोग आकर मदरसा में काम करने लगे है।



उनकी गतिविधियां कई बार संदिग्ध रहती है। वे अवैध गतिविधियां भी कर रहे हैं। मदरसा में जो लोग पढ़ाते है। उन सब की जानकारी सरकार को हासिल करना चाहिए। सरकार को मदरसों की गतिविधियों पर भी ध्यान देना चाहिए। मैं मुख्यमंत्री से आग्रह करुंगा, ताकि प्रदेश के अन्य हिस्सों में मदरसे चल रहे है। उसे लेकर एक नीति बनना चाहिए। विजयवर्गीय ने अन्य सवालों के जवाब भी दिए। विजयवर्गीय सोमवार को सिटी बस कार्यालय में शहरी विकास से जुड़ी बैठक में शमिल होने गए थे। वहां पर उन्होंने इस मुद्दे पर चर्चा की। आपको बता दें कि खंडवा के जुबेर उसके एक साथी को मालेगांव पुलिस ने नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों के पास दस लाख रुपये के नकली नोट मिले। पुलिस को पता चला कि जुबेर खंडवा के पैठियां गांव के मदरसे में रहता है। बाद में खंडवा पुलिस ने मदरसे पर छापा मारा तो वहां पर भी एक बैग में नकली नोट बरामद हुए। बैग में पांच-पांच सौ के नकली नोट बरामद हुए थे। मदरसे से बीस लाख के नकली नोट मिले।

● अमृत योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन पेयजल टंकियों और वितरण लाइनों में अवैध नल कनेक्शनों को करें विच्छेदित : मंत्री श्री विजयवर्गीय

# मेट्रो के खजराना से पलासिया होते हुए बड़ा गणपति तक अंडरग्राउंड रूट के प्रस्ताव को मिली हरी झंडी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की अध्यक्षता में नगर निगम इंदौर, इंदौर विकास प्राधिकरण, इंदौर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट एवं इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट से संबंधित विस्तृत समीक्षा बैठक एआईसीटीएसएल सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में मंत्री श्री विजयवर्गीय द्वारा अमृत योजना (1.0 एवं 2.0), प्रधानमंत्री आवास योजना (1.0 एवं 2.0), स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, राजस्व वृद्धि एवं जीआईएस सर्वे, फ्यूल एफिशिएंसी, एनर्जी ऑडिट एवं ऊर्जा बचत, तथा इंदौर स्मार्ट सिटीज मिशन के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई।**

साथ ही नगरीय सीमा में सम्मिलित 29 गांवों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने, आरई-2 रोड के बाधक बस्तियों को हटाने एवं मास्टर प्लान की सड़कों की चौड़ाई सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई। शहर में निरंतर विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों के विषय में भी विस्तृत चर्चा की गई। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अमृत योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन पेयजल टंकियों और वितरण लाइनों में अवैध नल कनेक्शनों को तत्काल प्रभाव से विच्छेदित करें। शहर की सड़कों पर रोड रेस्टोरेशन कार्य तकनीकी रूप से और गुणवत्तापूर्ण किया जाये। "कटर से रोड की कटिंग की जाए, न कि तोड़फोड़ कर ब्रेकर से रोड को क्षतिग्रस्त किया जाए। अन्यथा संबंधित इंजीनियर की जवाबदेही तय की जाएगी।" बैठक में राज्यसभा सांसद श्रीमती कविता पाटीदार, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे, विधायक मधु वर्मा, महेन्द्र हार्डिया, गोलू शुक्ला, मेट्रो प्रोजेक्ट के प्रबंध निदेशक एस. कृष्ण चैतन्य, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव, इंदौर विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. परिक्षित झाड़े, सुमित मिश्रा सहित अपर आयुक्त एवं संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि "जहां भी अवैध कॉलोनी का निर्माण हो रहा है, वहां के संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी।" उन्होंने इस पर रोक लगाने के लिए व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी महत्वपूर्ण निर्णय की प्रक्रिया में जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए, ताकि सामूहिक निर्णय से बेहतर परिणाम मिल सकें।



### मेट्रो प्रोजेक्ट के विस्तार पर सर्वसम्मति

बैठक में इंदौर मेट्रो के खजराना से पलासिया होते हुए बड़ा गणपति तक अंडरग्राउंड रूट के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि "यह निर्णय इंदौर की आर्थिक वृद्धि और ट्रैफिक प्रबंधन दोनों के लिए ऐतिहासिक साबित होगा। हम सभी मिलकर इसे सफल बनाएंगे।" बैठक में अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने कहा कि "विकास कार्यों की गति बढ़ाने के लिए टेंडर प्रक्रिया की समय-सीमा निश्चित की जाये। "शहर को अधिक राजस्व मिलेगा तो विकास कार्य भी गति से होंगे। उन्होंने निर्देश दिये कि एमओजी लाइन क्षेत्र की रिक्त भूमि को आकर्षक डिजाइन के साथ विकसित करने, टीडीआर प्रक्रिया के सरलीकरण, एवं नई सड़कों में सीवरेज, जलप्रदाय व स्टॉर्म वॉटर लाइन को अनिवार्य रूप से शामिल करें। बैठक में महापौर श्री भार्गव ने कहा कि "शहर के सर्वांगीण विकास के लिए नगर निगम, इंदौर विकास प्राधिकरण और अन्य एजेंसियों के बीच मजबूत समन्वय आवश्यक है।"उन्होंने कहा कि "नगर निगम के राजस्व का एक प्रमुख स्रोत विज्ञापन शुल्क है, जिसके लिए प्रभावी वसूली की आवश्यकता है।"

# जिला उद्योग केंद्र में आयोजित रोजगार मेले में 158 युवक-युवतियों को मिला रोजगार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर।** मध्यप्रदेश शासन और जिला प्रशासन के निर्देशानुसार इंदौर जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को एक छत के नीचे रोजगार और स्वरोजगार देने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय इंदौर द्वारा जिला उद्योग केंद्र परिसर पोलोग्राउंड इंदौर में सोमवार को एक दिवसीय युवा संगम कार्यक्रम (रोजगार मेले) का आयोजन किया गया। युवा संगम कार्यक्रम में कुल 16 कंपनियों के 400 से अधिक विभिन्न रिक्त पदों की पूर्ति हेतु इनके प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार लेकर रोजगार और अप्रेंटिसशिप हेतु प्रारंभिक रूप से चयन किया गया।

उप संचालक रोजगार श्री पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि इस युवा संगम कार्यक्रम में कुल 225 युवक एवं 44 युवतियों, कुल 269 ने पंजीयन कराया। जिसमें 16 कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा 31 युवतियों और 127 युवकों, कुल 158 का चयन किया गया। युवक-युवतियों का प्रारंभिक रूप से फार्मासिस्ट, एचआर, सेल्स एक्जीक्यूटिव, डिजिटल मार्केटिंग, टेलीकॉलर, बेक ऑफिस, ट्रेनी, फीटर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, कोपा. टर्नर, आपरेटर आदि पदों के लिए चयन किया गया। मेले में जस्ट डायल, डीमार्ट, मेडप्लस इंडिया, कोडरविंग, ब्लींकिट, पटेल मोटर्स, ग्लोबल हेल्थ, रेपिडो, शुभ संकल्प, शोभा कन्सट्रक्शन जैसे प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया।

जिला उद्योग केंद्र की टीम द्वारा स्वरोजगार के इच्छुक 17 आवेदकों को शासन द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी/मार्गदर्शन दिया जाकर स्वरोजगार हेतु प्रकरण तैयार करने हेतु प्रेरित किया गया। शासन की अप्रेन्टिनशीप योजना अंतर्गत 09 आवेदकों का चयन कर कंपनी में भेजे गये। साथ ही इस अवसर पर शासन के निर्देश अनुसार युवा संगम अंतर्गत आये 49 आवेदकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आभा कार्ड बनवाये गये। मेले में उमंग स्वस्थ क्लिनिक के परामर्शदाता द्वारा कॉउंसलिंग की गई। रोजगार विभाग, आईटीआई और जिला उद्योग केंद्र के अधिकारी-कर्मचारियों की सहभागिता से सफलतापूर्वक युवा संगम कार्यक्रम संपन्न हुआ। विभाग द्वारा सभी सहयोगी विभाग का आभार व्यक्त किय गया।

# अग्नि सुरक्षा मानकों में लापरवाही पाये जाने पर दो प्रतिष्ठानों को किया गया सील

● कलेक्टर के निर्देशन में जिले में औद्योगिक, व्यावसायिक और भंडारण प्रतिष्ठानों का जाँच अभियान जारी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में इंदौर जिले में अग्नि सुरक्षा के मानकों की समीक्षा के लिए विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जिले में औद्योगिक, व्यावसायिक और भंडारण प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है। अग्नि सुरक्षा उपकरणों की अनुपलब्धता तथा अनियमितताएं पाये जाने पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

इसी सिलसिले में सोमवार को सांवेर क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। सांवेर एसडीएम श्री घनश्याम धनगर एवं दल द्वारा राहुखेड़ी, सांवेर स्थित तारा केमिकल्स का निरीक्षण किया गया। फैक्ट्री में अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था नहीं पाये जाने और फायर प्लान नहीं होने से मौके पर ही फैक्ट्री को सील किया गया।

इसी प्रकार जूनी इंदौर क्षेत्र में एसडीएम श्री प्रदीप सोनी के दल द्वारा ग्राम मुसाखेड़ी स्थित बी सी डाई कैम वेयरहाउस की जाँच में अग्नि सुरक्षा उपकरणों की अनुपलब्धता पायी गई तथा लाइसेंस नवीनीकरण भी नहीं पाया गया, जिससे वेयरहाउस को सील किया गया। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने सभी उद्योगपतियों और व्यापारिक प्रतिष्ठान संचालकों से आग्रह किया है कि वे अपने संस्थानों में अग्नि सुरक्षा उपकरणों की नियमित जांच कराएं और सुरक्षा के सभी प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करें। जिले में जाँच अभियान सतत जारी रहेगा। जाँच में अनियमितता पाये जाने पर वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।

# मंत्रीद्वय श्री सिलावट और सुश्री भूरिया ने लगभग 3 करोड़ रुपये लागत की 25 आंगनवाड़ियों की दी सौगात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर।** जिले में सोमवार को बच्चों और महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में बड़ी सौगात मिली है। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट और महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया की विशेष उपस्थिति में आज लगभग तीन करोड़ रुपये लागत की 25 आँगनवाड़ी भवनों के निर्माण की शुरूआत की गई। मंत्रीद्वय श्री सिलावट और सुश्री भूरिया ने सांवेर में आयोजित विशाल महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में इन आँगनवाड़ी भवनों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मंत्रीद्वय ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत अनेक बच्चों और महिलाओं को हितलाभ प्रमाणपत्र का वितरण भी किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना सतीश मालवीय, जनपद अध्यक्ष सांवेर श्रीमती रामकन्या बाई, इंदौर जनपद अध्यक्ष कान्हा पटेल, सांवेर नगर परिषद अध्यक्ष संदीप चंगेडिया, भगवान परमार, भारत सिंह चौहान, दिलीप सिंह चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे। जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र और राज्य शासन की कल्याणकारी योजनाओं से महिलाएं आत्मनिर्भर और सशक्त हो रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। महिलाओं की सुविधाओं के लिए सांवेर में दो वन स्टॉप सेंटर स्वीकृत किए गए हैं, इसमें संकट के समय महिलाओं के लिए सहायता उपलब्ध रहेगी। महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि सांवेर क्षेत्र में बनने जा रही करीब तीन करोड़ रुपये की लागत से 25 आँगनवाडी केन्द्रों से बच्चों को अच्छे संस्कार के साथ-साथ पौष्टिक आहार सहित अन्य सुविधाएं भी मिलेगी। नये-नये मॉडल केन्द्र बनाये जाएंगे। आँगनवाड़ी केन्द्रों की कार्यकर्ता और सहायिकाओं को विशेष प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की जाएगी। समय-समय पर नई भर्तियां भी होगी। साथ ही आँगनवाड़ी केन्द्रों में नये-नये नवाचार होगे, जिससे आँगनवाड़ी केन्द्रों में स्वस्थ और खुशहाल वातावरण बनेगा। मंत्री सुश्री भूरिया ने कहा कि समाज और सरकार के समन्वित प्रयासों से बच्चों को स्वास्थ्य और सुपोषित बनाने के अभियान को नया रूप दिया जा रहा है।

## शासकीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं से 12वीं की अर्द्ध वार्षिक परीक्षा प्रारंभ

**इंदौर।** शासकीय विद्यालयों में सोमवार से कक्षा 9वीं से 12वीं तक की कक्षाओं की अर्द्ध वार्षिक परीक्षाएं प्रारम्भ हुई। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा परीक्षाओं में व्यापक बदलाव के कारण ये परीक्षाएं दिसंबर माह के बजाए नवंबर माह में हो रही हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने परीक्षा नीति के तहत अब पूरक परीक्षा आयोजित नहीं करेगा। इसके स्थान पर अब जनवरी-फरवरी में बोर्ड द्वारा प्रथम परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में यदि कोई परीक्षार्थी सभी विषयों में भी अनुत्तीर्ण होता है तो उसके लिये द्वितीय परीक्षा का आयोजन आगामी जून-जुलाई माह किया जाएगा। इसी प्रकार तिमाही, छः माही परीक्षा में प्राप्त प्राप्तांक परीक्षार्थी के वार्षिक परीक्षा में अनुपातिक रूप से जुड़ने की वजह से परीक्षार्थी अब तिमाही छः माही परीक्षाओं को गंभीरता से लेने लगे है।



सड़क चौड़ीकरण के लिए निगम ने की कार्रवाई

# 100 फीट चौड़ी सड़क के लिए 11 मकानों पर बुलडोजर चले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बड़ा गणपति से टिगरिया बादशाह तक 100 फीट चौड़ी सड़क के लिए 11 मकानों पर बुलडोजर चलाया गया।**

नगर निगम का कचरा ट्रांसफर स्टेशन भी सड़क पर आ रहा है। ऐसे में इसकी बाउंड्रीवॉल भी तोड़ी जाएगी। दरअसल, सड़क का काम लंबे समय से चल रहा है। मकानों का 8 से 10 फीट हिस्सा सड़क पर आने से दिक्कत आ रही थी। नगर निगम ने नोटिस देने के बाद कार्रवाई की। सोमवार को नगर निगम की टीम 2 पोकलेन मशीन के साथ अधिकारी मौके पर पहुंचे। इस दौरान रहवासियों ने खुद ही मकान का अगला हिस्सा तोड़ना शुरू कर दिया था। यहां पहले भी सड़क चौड़ी करने के लिए बुलडोजर चल चुका है। तब नगर निगम ने रहवासियों से खुद ही निशान मुताबिक मकान तोड़ने के लिए कहा था। कुछ ने तोड़ दिए थे और कुछ रहवासी मकान बचने की उम्मीद कर रहे थे। कार्रवाई के दौरान भवन अधिकारी अश्विन जनवदे, भवन निरीक्षक ज्योत्सना, रिमूवल सहायक बबलू कल्याणी सहित बड़ी संख्या में रिमूवल स्टाफ एवं निगम का अमला उपस्थित रहा। मास्टर प्लान की 23 सड़कों के लिए नगर निगम हाइकोर्ट में केविएट दायर कर रहा है। नगर निगम ने सोमवार (3 नवंबर) को केविएट की सूचना जारी की है। जिसमें मास्टर प्लान की 23 सड़कों के साथ ही उनकी चौड़ाई का भी जिक्र किया है। इनमें कुछ सड़कों का काम चालू हो गया है, कुछ का होना है। सुभाष मार्ग गोल मंदिर से रामबाग पुल तक 30 मीटर (100 फीट) और नेहरू प्रतिमा (मधुमिलन चौराहा) से छावनी पुल तक 24 मीटर (80 फीट) चौड़ी सड़क बनना है। इलाके के रहवासी सुभाष मार्ग को 80 फीट और छावनी रोड को 60 फीट रखे जाने की मांग कर रहे हैं। एबी रोड जीपीओ चौराहे से सरवटे बस स्टैंड तक 24 मीटर (80 फीट) चौड़ी सड़क के लिए भी नगर निगम ने 75 लोगों को नोटिस थमा दिए हैं। इन सड़कों पर अभी जिस तरह ट्रैफिक उलझ रहा है, जरूरत तो इस बात की ही है कि सड़क मास्टर प्लान मुताबिक ही चौड़ी हों। 2028 में सिंहस्थ के नजरिये से भी सड़कों का चौड़ा होना जरूरी है।

बसों की जांच की विशेष मुहिम जारी

# 11 वाहनों पर की गई कार्रवाई, एक बस जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में यात्री, स्कूली एवं अन्य बसों की जाँच के लिये विशेष मुहिम शुरू की गई है। इस मुहिम के तहत बसों में इमरजेंसी एग्जिट, फायर सेफ्टी सिस्टम, आपातकाल में सुगम निकास व्यवस्था की जांच की गई। जाँच के दौरान अनियमितताएं पाये जाने पर 11 वाहनों पर कार्रवाई की गई। इसमें से एक बस को जब्त किया गया और 10 वाहनों से जुर्माना वसूल किया गया।



इंदौर आरटीओ ने रेडिसन चौराहा और लवकुश चौराहा पर लोक परिवहन वाहनों, खासकर इण्टरसिटी, इंटरस्टेट बसों की सघन चेकिंग की गई। बसों में इमरजेंसी एग्जिट, फायर सेफ्टी सिस्टम, आपातकाल में सुगम निकास व्यवस्था की जांच की गई। 01 बस जो की बिना परमिट संचालित पाई गई, जिसे जब्त कर जुर्माना वसूला गया। साथ ही 10 से अधिक अन्य वाहनों पर मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में 80 हजार से अधिक का जुर्माना वसूला गया। साथ ही बसों के चालक-परिचालक को भी समझाइश दी गई की वह बसों में किसी भी प्रकार का ज्वलनशील पदार्थ का परिवहन नहीं करें। जिस प्रकार हवाई जहाज में यात्रियों को आपातकाल स्थिति में 'क्या करें और क्या नहीं करें' की जानकारी दी जाती है, उसी प्रकार बसों में भी सवारियों को जरूरी जानकारी दी जाए। आपातकाल स्थिति से निपटने के लिये यात्रियों को बसों में इमरजेंसी एग्जिट और कांच तोड़ने हेतु रखे गये हैमर की जानकारी दी जाये।

# भिक्षुकों द्वारा जूठन, खाद्य सामग्री फेंकने से चूहों की भरमार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सबसे पुराने शास्त्री ब्रिज पर बड़ा गड्ढा होने के बाद सोमवार सुबह नगर निगम हरकत में आ गया। आज जनकार्य प्रभारी राजेंद्र राठौर ने ब्रिज का निरीक्षण किया और चिंता जताई। उन्होंने माना कि ब्रिज की यशवंत टॉकीज की भुजा के पास भिक्षुकों द्वारा जूठन, खाद्य सामग्री फेंकने से चूहों की भरमार है। इसके साथ ही काफी गंदगी है।**

इस कारण यहां आधा-आधा, एक-एक फीट के चूहे हैं। उनके इस बयान से नगर निगम ही नहीं बल्कि प्रशासन भी घिर गया है। दरअसल इस साल इंदौर को भिक्षुक मुक्त घोषित किया है। दूसरा कि इंदौर स्वच्छता में लगातार आठ बार अव्वल रहा है। ऐसे में उनके बयान पर सवाल उठे रहे हैं।

जनकार्य प्रभारी ने कहा कि कल मामला सामने आने के बाद हमने इंजीनियर को भेजा और यहां गड्ढा भराने का काम किया है। यह समस्या आठ माह पहले भी आई थी। तब रीगल टॉकीज के सामने की भुजा के पास बड़े-बड़े गड्ढे हो गए थे।



इस पर एसजीएसआईटीएस, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग और नगर निगम के इंजीनियरों और अधिकारियों को बुलाकर निरीक्षण कराया था। तब पाया था कि चूहों ने बड़े-बड़े बिल करके मिट्टी बाहर निकाल दी थी।

मामले में तब जब इंजीनियरों से पूछा और उनसे रिपोर्ट ली और ब्रिज की तीनों भुजाओं को देखा तो पता चला कि यशवंत टॉकीज की भुजा की ओर बड़ी संख्या में रिक्शा खड़े रहते हैं जिसके कारण लोग भी वहां खड़े रहते हैं। कई भिक्षुक भी यहां रहते हैं। ऐसे में कई दानदाता उन्हें भोजन, खाद्य सामग्री देते हैं। इसके बाद भिक्षुक खाने के बाद खाद्य सामग्री वहीं पटक देते हैं, जिसके कारण गंदगी तो होती ही है कि इसके कारण चूहे हैं। यशवंत टॉकीज भुजा के पास कुछ दुकानें हैं, इनकी भी गंदगी वहीं पड़ी रहती है। ऐसे में बड़े-बड़े चूहे वहां हो गए। उन्होंने कहा कि यहां आधा-आधा, एक-एक फीट के चूहे हो गए हैं। उन्होंने यहां काफी बिल बना लिए हैं। राठौर ने कहा कि हम इसका परीक्षण करा रहे हैं। किसी प्रकार का कांक्रीट हो इस पर राय ली जा रही है। हाल ही में 40 लाख का टेंडर जारी किया है, उससे नगर निगम जितने फुटपाथ हैं उन्हें कांक्रीट से बनाकर पेस्ट कंट्रोल करेंगे। साथ ही एसजीएसआईटीएस के एक्सपर्ट्स से राय लेकर आज से ही काम शुरू करेंगे।

सिर्फ शास्त्री ब्रिज ही नहीं, शहर के अन्य हिस्सों में भी चूहों की बढ़ती मौजूदगी चिंता का विषय बनती जा रही है। दो माह पहले एमवाय अस्पताल में दो नवजात शिशुओं की उंगलियां चूहों ने कुतर दी थीं, जिससे सरकार सवालों के घेरे में आ गई थी। इसके बाद एयरपोर्ट परिसर में चूहे दिखने का मामला भी सामने आया था। और अब, शास्त्री ब्रिज पर चूहों के कारण ढांचे को खतरा - यह सब घटनाएं इस ओर इशारा करती हैं कि शहर में चूहों की भरमार प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा है। सवाल यह है कि क्या इंदौर अब चूहों का गढ़ बनता जा रहा है?

# रेप के मामले में किन्नर डेरे का ढोल वादक धराया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। शहर के हीरानगर में करीब 5 दिन पहले रेप का मामला दर्ज हुआ। आदिवासी युवती ने किन्नर डेरे के ढोलक वादक राजा हाशमी और उसके परिचित समीर पर केस दर्ज कराया। राजा पूर्व के एक मामले से जेल में है। वहीं हीरानगर पुलिस ने समीर को भी जबलपुर से गिरफ्तार कर लिया। अप्रैल में किन्नर विवाद के चलते वह डेरे से भाग गया था। टीआई सुशील पटेल की टीम ने जबलपुर से राजा के साथी समीर हाशमी को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया। राजा और समीर के खिलाफ एक आदिवासी युवती ने रेप की एफआईआर लिखाई थी। इसके बाद से समीर की तलाश की जा रही थी। समीर ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि उसने अप्रैल 2025 में किन्नर विवाद होने के चलते डेरा छोड़ा था। इसके बाद वह भी इंदौर नही आया। हालांकि समीर ने इस आरोपों को खारिज किया कि उसने किसी का रेप किया है। उसने बताया कि वह युवती को पहचानता भी नहीं है।

# पीछा कर रास्ता रोका और बेड टच करके भाग गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर में ऑस्ट्रेलिया की क्रिकेटर से छेड़छाड़ के बाद एक बार फिर बदमाशों ने वैसी ही हरकत की। रविवार रात अपने घर लौट रही युवती का बदमाश ने पीछा कर रास्ता रोका और बेड टच करके भाग गया। उसने अश्लील कमेंट्स भी किए।

पीड़िता एक निजी एनजीओ में काम करती है। रविवार रात वह अपने घर लौट रही थी, तभी एक्टिवा सवार एक युवक ने उसका पीछा किया। कुछ दूर तक साथ चला और अभद्र कमेंट्स किए। कुछ आगे जाकर रोका और बेड टच करके भाग हो गया। युवती ने घर पहुंचकर परिजनों को घटना बताई और फिर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। राऊ पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने बताया कि वह रविवार रात करीब 11:45 बजे बायपास स्थित रेती मंडी डी-मार्ट से आरआर कैट रोड होते हुए राऊ की ओर जा रही थी। तभी एलजी एकेडमी स्कूल के पास एक्टिवा सवार एक बदमाश उसके पीछे लग गया। युवक ने चलते वाहन से अभद्र टिप्पणियां कीं, लेकिन युवती ने ध्यान न देते हुए गाड़ी आगे बढ़ा दी। थोड़ी दूर जाने पर जब युवती रंगवासा प्रेस के पास पहुंची, तो वही युवक उसकी गाड़ी के पास आकर फिर से अभद्र इशारे करने लगा। रास्ता रोककर पीड़िता के करीब आया औ बेड टच करके भाग निकला। युवती ने बताया कि डर की वजह से उसने गाड़ी नहीं रोकी और सीधे घर पहुंच गई। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन युवती को लेकर राऊ थाने पहुंचे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस अब आसपास के सीसीटीवी कैमरों और युवती द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है।

# हर्ष फायर करने वाले भाजपा नेता ने पकड़े कान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। खजराना में बीजेपी नेता का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया था, जिसमें वह अपने रिश्तेदारों की शादी में लाइसेंसी बंदूक से हर्ष फायर करते दिखाई दिए। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। इस मामले में पुलिस ने रविवार रात आरोपी को गिरफ्तार कर थाने लेकर आई, कान पकड़कर माफी मंगवाई और फिर थाने से लिखा-पढ़ी कर जमानत दे दी।

एडीशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह ने बताया कि खजराना इलाके के सूरज नगर निवासी पृथ्वीसिंह पुत्र कुंवर सिंह को गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने पुलिस के सामने कहा कि वह भविष्य में इस तरह का अपराध नहीं करेगा। पुलिस ने आरोपी का वीडियो बनाकर वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा। हालांकि सोशल मीडिया पर अफसरों ने इसे वायरल करने की बात से इंकार किया। पृथ्वी सिंह क्षेत्रीय बीजेपी नेता हैं और करणी सेना के साथ विधायक महेन्द्र हार्डिया के करीबी माने जाते हैं। पुलिस पहले इस मामले में एफआईआर दर्ज करने में पीछे हट रही थी, लेकिन वीडियो वायरल होने के बाद कमिश्नर संतोष सिंह की फटकार के बाद तुरंत एफआईआर दर्ज की गई।

# लापरवाही बरतने पर शासकीय सेवक निलम्बित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा ने पदीय कर्तव्यों में लापरवाही बरतने पर एक शासकीय सेवक को निलम्बित कर दिया है। उन्होंने शासकीय सेवक सहायक ग्रेड दो जितेन्द्र चौहान को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किये हैं। बताया गया कि एक शिकायतकर्ता द्वारा की गई शिकायत की जांच की गई। जांच में पाया गया कि तहसील कार्यालय सांवेर जिला इन्दौर में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 जितेन्द्र चौहान द्वारा तत्कालीन निर्वाचन पर्यवेक्षक द्वारा जिला नाजिर के पद पर रहते हुए बगैर उप जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुमोदन के अपने हस्ताक्षर से आदेश जारी कर नगर पालिक निगम इन्दौर के माली (उद्यान विभाग) जितेन्द्र सोलंकी को जिला निर्वाचन कार्यालय से नजारत शाखा में संलग्न किया गया था। सहायक ग्रेड-2 जितेन्द्र चौहान की पदस्थापना जिला नजारत शाखा से तहसील सांवेर में की गई तो इनके द्वारा बगैर प्रभारी अधिकारी के अनुमोदन प्राप्त किए अपने हस्ताक्षर से आदेश जारी कर नगर पालिक निगम इन्दौर के माली (उद्यान विभाग) जितेन्द्र सोलंकी को नजारत शाखा से उसके मूल विभाग के लिए कार्यमुक्त कर दिया गया। इस प्रकार सहायक ग्रेड-2 जितेन्द्र चौहान तहसील कार्यालय सांवेर जिला इन्दौर द्वारा अपने पदीय कर्तव्य का निर्वहन मनमाना एवं स्वैच्छाचारिता से किया गया। उक्त लापरवाही एवं स्वैच्छाचारिता को देखते हुए तत्काल प्रभाव से श्री चौहान को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय तहसील कार्यालय कनाड़िया रहेगा। इनके विरूद्ध विभागीय जाँच भी की जायेगी।

## प्रदेश का विजन डॉक्यूमेंट भेंट किया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल से भेंट के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को राजभवन पहुंचे। उन्होंने राज्यपाल का पुष्प-गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। राज्यपाल श्री पटेल को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश सरकार का विजन डॉक्यूमेंट 'समृद्ध मध्यप्रदेश @ 2047 ' की प्रति भेंट की। साथ ही प्रदेश के विकास संबंधी विभिन्न आयामों पर चर्चा की।

## जांच में लीपापोती से लोकायुक्त नाराज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** जिला और जनपद पंचायतों के सीईओ, जिला पंचायत अध्यक्षों, पंचायत अधिकारियों, कर्मचारियों और पंचायत पदाधिकारियों के खिलाफ की जाने वाली शिकायतों की जांच में लीपापोती और अधूरी रिपोर्टों को लेकर लोकायुक्त संगठन ने नाराजगी जताई है। लोकायुक्त की इस नाराजगी के बाद पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने लोकायुक्त से संबंधित शिकायतों की जांच के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर तैयार की है। विभाग ने निर्देश दिया है कि आगे से सभी जांच इसी एसओपी के आधार पर की जाएं और रिपोर्ट उसी प्रारूप में प्रस्तुत की जाए। विभाग ने सभी जिलों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों (सीईओ), जिला पंचायतों को पत्र लिखकर लोकायुक्त से जांच हेतु प्राप्त शिकायतों की रिपोर्ट भेजने के लिए निर्धारित एसओपी का पालन करने के निर्देश दिए हैं।

## सिविल सर्जन के चेहरे पर कालिख पोत दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** सीधी जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर एक बड़ा विवाद सामने आया है। सोमवार को जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. एस.बी. खरे के चेहरे पर शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष ने कालिख पोत दी। यह घटना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित एक नर्सिंग होम के पास हुई। शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पांडे ने आरोप लगाया है कि डॉ. खरे इस नर्सिंग होम से मरीज देखकर निकले थे। इसी दौरान कालिख पोती गई। क्योंकि वे प्राइवेट नर्सिंग होम में ड्यूटी टाइम में अपनी सेवाएं दे रहे थे। उधर, सरकारी अस्पताल में मरीज परेशान हो रहे थे। विवेक पांडे ने इस पूरे विरोध प्रदर्शन को स्वयं रिकॉर्ड किया। घटना के बाद वे सीधे थाने पहुंचे और खुद को पुलिस के हवाले कर दिया। थाने के सामने उन्होंने बयान दिया कि उन्होंने पहले भी सिविल सर्जन के खिलाफ कलेक्ट्रेट में शिकायत पत्र दिया था।

## जब शिवराज सिंह की दखल से खुला जाम



**सीहोर, एजेंसी।** जिले की भैरूंदा तहसील में रविवार को यदुवंशी समाज और लापता नाबालिग लड़की के परिजनों ने पुलिस की कथित नाकामी के विरोध में भोपाल-इंदौर राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्गा मंदिर चौराहा जाम कर दिया। यह प्रदर्शन दोपहर 2 बजे शुरू हुआ और रात 9 बजे तक चला, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांगें आरोपी युवक के घर पर बुलडोजर कार्रवाई और जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा निश्चित समयसीमा में लड़की को बरामद करने का आश्वासन थीं। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के हस्तक्षेप के बाद, जिन्होंने पुलिस महानिदेशक से बात कर 24 घंटे में लड़की की बरामदगी का आश्वासन दिलाया, प्रदर्शन समाप्त हुआ और यातायात बहाल हुआ। रविवार को भैरूंदा तहसील में तनाव का माहौल तब उत्पन्न हुआ जब भादाकुई गांव की एक नाबालिग लड़की के लापता होने के मामले में पुलिस की कथित नाकामी के विरोध में परिजन और यदुवंशी समाज सड़कों पर उतर आए। भोपाल-इंदौर राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्गा मंदिर चौराहा प्रदर्शनकारियों से भर गया, जिससे पूरे नगर में तनाव का माहौल बन गया।

### मध्यप्रदेश ने मनाया गौरव का 'अभ्युदय'-

# संस्कृति, परंपरा और प्रगति का हुआ भव्य संगम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** देश के हृदय, मध्यप्रदेश ने अपने 70वें स्थापना दिवस पर "अभ्युदय मध्यप्रदेश" के रूप में संस्कृति, परंपरा और प्रगति का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। तीन दिनों तक चले इस भव्य आयोजन ने प्रदेश की लोककलाओं, विविधताओं और विकास यात्रा को एक सूत्र में पिरोते हुए बीते सात दशकों की गौरवगाथा को सजीव कर दिया। सोमवार की शाम जब इस आयोजन का समापन हुआ, तो पूरा भोपाल गर्व और उत्साह से झूम उठा। राजधानी भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में हुए इस आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, और उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में विरासत के संरक्षण के साथ तीव्र गति से विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम विरासत और विकास दोनों को साथ लेकर चल रहे हैं। सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य के माध्यम से हमारी संस्कृति और गौरवशाली इतिहास को नई पीढ़ी के सामने जीवंत किया गया है।"

मुख्यमंत्री ने कहा कि "मात्र डेढ़ वर्ष में प्रदेश में 18 नए मेडिकल कॉलेज खुले हैं, आयुर्वेदिक शिक्षा के क्षेत्र में मध्यप्रदेश देश में अग्रणी है। सभी जिलों में पीएम एक्सीलेंस कॉलेज स्थापित किए गए हैं और हर जिले में पुलिस बैंड की इकाइयां गठित कर युवाओं को अवसर दिए गए हैं। हाल ही में गुजरात के केवड़िया में हुए राष्ट्रीय आयोजन में मध्यप्रदेश के पुलिस बैंड ने गर्व से प्रस्तुति दी, यह प्रदेश के लिए सम्मान की बात है। डॉ. यादव ने कहा कि राजा भोज और सम्राट विक्रमादित्य जैसे नीतिनिष्ठ शासकों की स्मृति में ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों का सिलसिला जारी रहेगा, ताकि हमारी नई पीढ़ी अपने इतिहास और मूल्यों से प्रेरणा ले सके। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की संस्कृति में विशेष रुचि है। "सम्राट विक्रमादित्य" महानाट्य का मंचन उनके नेतृत्व और दृष्टि का परिणाम है, जो दो दशक से तैयार हो रहा था और पहली बार भोपालवासियों को देखने मिला।




### भव्य ड्रोन शो ने रचा आसमान में इतिहास

समारोह के अंतिम दिन भी रात में 2000 ड्रोन के माध्यम से एक अनोखा दृश्य आसमान में दिखाई दिया। "विरासत से विकास" की थीम पर हुए इस शो में मध्यप्रदेश की समृद्ध संस्कृति, औद्योगिक प्रगति, विज्ञान, रोजगार और भविष्य की आकृतियां उभरती रहीं। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से इस अद्भुत प्रदर्शन का स्वागत किया।

### सम्राट विक्रमादित्य की गाथा ने किया भावविभोर

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा भव्य महानाट्य "सम्राट विक्रमादित्य", जिसे उज्जैन की संस्था विशाला सांस्कृतिक एवं लोकहित समिति ने प्रस्तुत किया। निर्देशक संजय मालवीय के नेतृत्व में 150 कलाकारों ने तीन अलग-अलग मंचों पर सम्राट विक्रमादित्य के जीवन और उनके स्वर्णिम शासन को सजीव रूप में दर्शाया। ऊंट, हाथी, घोड़े, पालकियां और भव्य महाकाल मंदिर के प्रतिरूप ने दर्शकों को उस युग में पहुंचा दिया। इस नाट्य प्रस्तुति में सम्राट विक्रमादित्य की प्रजावत्सलता, न्यायप्रियता और सांस्कृतिक संरक्षण की भावना को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। "सिंहासन बत्तीसी" और "बेताल पच्चीसी" की न्याय कथाओं की झलक ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

### संगीत ने बांधा समापन का सुरमय समां

महानाट्य के बाद सुप्रसिद्ध गायिका स्नेहा शंकर ने अपने सुरीले स्वर से वातावरण को सुरभित किया। उनके गीतों में संवेदना, समर्पण और संगीत का ऐसा संगम था जिसने हर श्रोता के मन को स्पर्श किया। कभी स्वर की कोमलता ने हृदय को छुआ, तो कभी ताल की लय ने वातावरण को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### 'जहर' बनी अनाज की दवा कमरे में फैली जहरीली गैस

# मन्नतों के बाद पैदा हुए मासूम की दर्दनाक मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी। शहर के जड़ेरूआ इलाके में एक दर्दनाक हादसा हो गया, जब एक मकान में फैली जहरीली गैस की चपेट में आने से चार साल के मासूम की मौत हो गई, जबकि उसके माता-पिता और बहन की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा मकान मालिक द्वारा गेहूं में रखी गई कीटनाशक की दवा से हुआ बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस और फोरेंसिक टीम मामले की जांच में जुटी है।**

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार जड़ेरूआ इलाके में सत्येंद्र शर्मा अपनी पत्नी रजनी शर्मा, बेटी और चार साल के बेटे करुआ के साथ किराए से रहते हैं। देर रात परिवार के सभी सदस्य घर में सो रहे थे, तभी अचानक सभी की तबीयत बिगड़ने लगी। कुछ देर बाद घर में अफरा-तफरी मच गई। तब तक चार साल के मासूम करुआ की हालत बेहद गंभीर थी, जिसे अस्पताल ले जाने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। वहीं, सत्येंद्र, उनकी पत्नी और बेटी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। मकान मालिक श्रीकृष्ण यादव ने इसी मकान के एक हिस्से में गेहूं रखा था।



बताया जा रहा है कि उन्होंने गेहूं को कीड़ों से बचाने के लिए उसके अंदर कीटनाशक का छिड़काव किया था।

आशंका है कि मात्रा अधिक होने से देर रात कमरे में जहरीली गैस फैल गई, जिससे यह हादसा हुआ। हादसे के बाद इलाके में मातम पसरा हुआ है। मृतक बच्चे के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सत्येंद्र की मां ने बताया कि उनके बेटे की पांच बेटियां हैं और चार साल पहले बड़ी मन्नतों के बाद यह इकलौता बेटा पैदा हुआ था, लेकिन एक लापरवाही ने उनकी खुशियां छीन लीं। घटना की सूचना मिलते ही गोला का मंदिर थाना पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मकान मालिक द्वारा गेहूं में डाली गई दवा के सैंपल जब्त कर जांच के लिए भेज दिए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि शुरुआती जांच में सल्फास गैस से दम घुटने की आशंका है, हालांकि फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

# हिंदुओं को सुयोजित ढंग से आपस में लड़वाया गया : पं. शास्त्री

### ● जात-पात में बिखरे हिंदुओं को एकजुट करने का संकल्प

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर, एजेंसी। बागेश्वर धाम पीठाधीश पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने रविवार को पत्रकारों से मुलाकात करते हुए 7 से 16 नवंबर तक दिल्ली से वृंदावन तक चलने वाली सनातन हिंदू एकता पदयात्रा की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हिंदू बहुसंख्यक देश में हिंदुओं को सुयोजित ढंग से आपस में लड़वाया गया है, ताकि इनमें कभी एकजुटता न हो सके।**

जिले की मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि वे 80 करोड़ हिंदुओं की लड़ाई लड़ रहे हैं। जात-पात में बिखरे हिंदुओं को एकजुट करने का संकल्प लेकर यात्रा में निकले हैं। बागेश्वर महाराज ने कहा कि जो भी हिंदुत्ववादी विचारधारा का है वह यात्रा में सहयोग करें, क्योंकि यह यात्रा किसी एक व्यक्ति की नहीं है सभी हिंदुओं की है। उन्होंने देश विदेश में रहने वाले हिंदुओं का आह्वान करते हुए कहा कि 7 नवंबर से 16 नवंबर तक की यात्रा में कम से कम एक दिन के लिए वे अवश्य आएं, किसी परिस्थिति में यदि कोई व्यक्ति नहीं आ पा रहा है तो वह घर बैठे भी यात्रा का समर्थन कर सकता है। बागेश्वर महाराज ने कहा कि यह पहला अवसर है जब उनकी यात्रा का समर्थन इस्लाम धर्म के लोगों ने किया है। फैज खान के नेतृत्व में तीन सैकड़ा से अधिक मुस्लिम समाज के लोग यात्रा में चलेंगे। विगत दिनों दिल्ली में मुस्लिम समाज के लोगों के साथ महाराज श्री ने बैठक की थी जिसमें समाज के सभी लोगों ने महाराज श्री की यात्रा का समर्थन करते हुए साथ चलने का भरोसा दिया। मुस्लिम समाज के लोगों का कहना है कि सनातन हिंदू एकता पदयात्रा के माध्यम से लोगों को जोड़ने का काम किया जा रहा है इसलिए हम यात्रा में साथ रहेंगे।



## संपादकीय

### ट्रंप के दावे ने भारत के लिए फिर से परमाणु परीक्षण करने के खोल दिए रास्ते

आज की तारीख में 9 देश ऐसे हैं, जो परमाणु शक्ति से संपन्न हैं। ये देश हैं अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, चीन, फ्रांस, भारत, पाकिस्तान, इजरायल और नॉर्थ कोरिया। इनमें से पांच देश अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और चीन हाइड्रोजन बम की पुष्टि कर चुके हैं, जबकि भारत और नॉर्थ कोरिया के दावे को लेकर विवाद है। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बयान भारत के लिए बड़ा मौका साबित हो सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप वैसे तो ऊल-जलूल बयान देने के लिए पूरी दुनिया में फेमस हो चुके हैं। लेकिन उनके एक बयान ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया है। ट्रंप का दावा है कि रूस और नॉर्थ कोरिया के अलावा पाकिस्तान और चीन चोरी छिपे गुप्त परमाणु परीक्षण कर रहे हैं और इसलिए अमेरिका भी खुलकर परमाणु हथियारों का परीक्षण करेगा। ट्रंप ने तो अमेरिकी सेना को ये आदेश भी दे दिया है कि अपने परमाणु परीक्षण को और बढ़ा दो। ट्रंप का ये ज्यादातर दावों की तरह खोखला इसलिए नहीं लगता, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा है कि जल्द पूरी दुनिया को पता चल जाएगा कि अमेरिका का परमाणु परीक्षण कब होगा। हालांकि, ट्रंप का ये जवाब सीधे तौर पर रूस के लिए था, क्योंकि हाल ही में रूस ने परमाणु संचालित अंडरवाटर ड्रोन का परीक्षण किया है। रूस के इसी टेस्ट के बाद ट्रंप बुरी तरह से भड़क गए हैं। लेकिन भारत के लिए ट्रंप का भड़कना मौके की तरह है। भारत के लिए रूस और नॉर्थ कोरिया को लेकर किया गया ट्रंप का दावा इतना अहम नहीं है, लेकिन चीन और पाकिस्तान को लेकर ट्रंप का दावा कान खड़े करने वाला है। रूस और अमेरिका के बीच चल रहे इस तनाव के बीच एक्सपर्ट्स ने परमाणु हथियारों के परीक्षण को लेकर भारत की पॉलिसी पर सवाल उठाए हैं। ट्रंप के इस दावे ने भारत के लिए फिर से परमाणु परीक्षण करने के रास्ते खोल दिए हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक अगर भारत फिर से कोशिश करता है तो हमें हाइड्रोजन बम के प्रोडक्शन को साबित करने का मौका मिलेगा। दरअसल, पोखरण-2 के एक दशक से भी ज्यादा समय बाद डीआरडीओ के वैज्ञानिक के. संथानम ने मई 1998 में कहा था कि थर्मोन्यूक्लियर या हाइड्रोजन बम कम क्षमता वाला है और देश के सामरिक उद्देश्यों को पूरा नहीं कर पाएगा। हालांकि, परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) के तत्कालीन अध्यक्ष राजगोपाला चिदंबरम ने इन दावों का खंडन कर दिया था। ट्रंप के आदेश ने परमाणु परीक्षण को लेकर की गई संधि (CTBT) के खत्म होने की चिंता पैदा कर दी है। ये वही संधि है, जो सिविल और मिलिट्री दोनों मामलों में परमाणु परीक्षण न करने के लिए बाध्य करती है। बता दें कि आज तक भारत की यह पॉलिसी है कि हम कभी भी किसी भी देश पर पहले परमाणु हमला नहीं करेंगे।



जो व्यक्ति आपके पास है, उससे प्रेम करना सबसे बड़ी चुनौती है। जो यहां नहीं है, उससे प्रेम करन हमेशा आसान होता है।

– जग्गी वासुदेव

**Health is Wealth**

# बच्चों को मच्छरों से सुरक्षित रखने के लिए अपनाएं ये घरेलू उपाय

## गलती से भी नहीं फटकेंगे पास



शाम होते ही मच्छरों का आतंक भी बढ़ जाता है। मच्छरों के काटने से ना सिर्फ शरीर पर लाल दाने और खुजली होने लगती है बल्कि ये डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी कई गंभीर बीमारियों के कारण भी बनते हैं। अगर आप भी मच्छरों से परेशान हैं और बाजार में मिलने वाले केमिकल स्प्रे से बचना चाहते हैं, तो हम आपके लिए लेकर आए हैं 5 ऐसे असरदार उपाय, जिससे मच्छर आपके घर से भाग जाएंगे।

**मच्छर भगाने के टिप्स**

### कपूर

घर से मच्छर भगाने का यह सबसे तेज और असरदार उपाय हो सकता है। इस उपाय को करने के लिए सबसे पहले 2 कपूर की गोलियां कमरा बंद करके जलाएं । इस आसान उपाय को करने से आप देखेंगे कि 15 मिनट में सारे मच्छर भाग गए हैं। इस उपाय को हर 2-3 दिन में करें।

### लौंग-नींबू का उपाय

इस उपाय को करने के लिए 1 नींबू को आधा काटकर उसमें 10-15 लौंग गाड़ दें। अब इस नींबू को बेड के पास रखें। लौंग की गंध मच्छरों को दूर भगाने का काम करती है। यह नुस्खा 2-3 दिन तक असरदार बना रहता है, इसके बाद दोबारा नया बनाएं।

### तुलसी का पौधा

घर में तुलसी का पौधा खिड़की या दरवाजे के पास लगाकर रखें। तुलसी की खुशबू से मच्छर घर में नहीं आएंगे और हवा भी शुद्ध बनी रहेगी।

### लहसुन का स्प्रे

5-6 लहसुन की कलियां पीसकर एक लीटर पानी में मिलाकर रख दें। अब इस पानी को छानकर स्प्रे बोतल में भरकर दीवारों, पर्दों पर छिड़कें। इस उपाय को हर 2 दिन में दोहराएं।

### नीम तेल-नारियल तेल

बराबर मात्रा में नीम का तेल और नारियल तेल लेकर सोने से पहले त्वचा पर लगाएं। इन दोनों तेल का खुशबू आपको मच्छरों के आतंक से दूर रखेगी।

Uttarpradesh

# यूपी पुलिस के CO ने 10 साल में बनाई 100 करोड़ की संपत्ति, 1998 में दारोगा के पद पर हुई थी ज्वाइनिंग

**कानपुर, (एजेंसी)** कानपुर नगर में लंबे समय तक तैनात रहे पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) ऋषिकांत शुक्ला पर करोड़ों रुपये की अवैध संपत्ति अर्जित करने के गंभीर आरोप लगे हैं. एसआईटी जांच में सामने आया है कि शुक्ला ने अपने परिवार, साझेदारों और करीबी साथियों के नाम पर करीब 100 करोड़ रुपये की संपत्ति खड़ी की है. इनमें आर्यनगर स्थित 11 दुकानें भी शामिल हैं, जो कथित रूप से उनके सहयोगी देवेंद्र दुबे के नाम पर बेनामी संपत्ति के रूप में दर्ज हैं. जानकारी के अनुसार शुक्ला वर्ष 1998 से 2006 तक और फिर दिसंबर 2006 से 2009 तक, यानी लगभग 10 वर्षों से अधिक समय तक कानपुर



नगर में उपनिरीक्षक पद पर तैनात रहे. इस दौरान उनकी अखिलेश दुबे नामक व्यक्ति से नजदीकी और उसकी संपत्तियों में भागीदारी के आरोपों की जांच एसआईटी को सौंपी गई थी. पुलिस आयुक्त कानपुर नगर द्वारा दी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि अखिलेश दुबे ने शहर में एक गिरोह बनाकर फर्जी मुकदमे दर्ज कराने, जबरन वसूली और जमीन कब्जाने जैसे अपराधों में लिप्त है. जांच में यह भी खुलासा हुआ कि दुबे का कुछ पुलिस अधिकारियों, केडीए और अन्य विभागों से गठजोड़ है.

एसआईटी जांच में यह पाया गया कि ऋषिकांत शुक्ला की घोषित आय के स्रोतों से इतनी बड़ी संपत्ति का अर्जन संभव नहीं है. जांच रिपोर्ट में 12 संपत्तियों की बाजार कीमत करीब 92 करोड़ रुपये आंकी गई है, जबकि अन्य तीन संपत्तियों के अभिलेख उपलब्ध नहीं हो सके हैं.

New Delhi

# मोदी बोले... भारत तकनीक से बदलाव लाने का लीडर



**नई दिल्ली, (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के बने भारत मंडपम में इमर्जिंग साइंस एंड टेक्नोलॉजी इनोवेशन कॉन्क्लेव 2025 में शामिल होने पहुंचे। इस दौरान देश में रिसर्च एंड डेवलपमेंट इकोसिस्टम को बढ़ाने के लिए एक लाख करोड़ रुपए की रिसर्च डेवलपमेंट एंड इनोवेशन स्कीम फंड लॉन्च किया।**

पीएम मोदी ने कहा कि भारत अब केवल टेक्नोलॉजी का कन्ज्यूमर नहीं रह गया है। वह टेक्नोलॉजी के जरिए ट्रांसफॉर्मेशन का पायोनियर बन गया है। दुनिया का सफल डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर भारत के पास है। इमर्जिंग साइंस एंड टेक्नोलॉजी इनोवेशन कॉन्क्लेव 2025 कॉन्क्लेव 5 नवंबर तक चलेगा। इसमें एजुकेशन, रिसर्च, उद्योग से जुड़े 3,000 से ज्यादा प्रतिभागी, नोबेल पुरस्कार विजेता, प्रख्यात वैज्ञानिक, इनोवेटर्स और पॉलिसी मेकर्स शामिल हो रहे हैं।

Rajasthan

# सेना के जवान की हत्या

**बीकानेर, (एजेंसी)** चलती ट्रेन में रेलवे अटेंडेंट ने सेना के जवान की चाकू मारकर हत्या कर दी। सेना के जवान और रेलवे अटेंडेंट के बीच बेड शीट्स को लेकर झगड़ा हुआ था। घटना लूणकरणसर से बीकानेर स्टेशन के बीच साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन की रविवार रात 11:30 बजे की है। GRP बीकानेर इंचार्ज आनंद कुमार ने बताया- साबरमती एक्सप्रेस में सेना का जवान जिगर कुमार चौधरी फिरोजपुर (पंजाब) से सवार हुआ था। उसे साबरमती (गुजरात) पहुंचना था। रास्ते में उसका रेलवे अटेंडेंट जुबेर खान निवासी फड़बाजार (बीकानेर) से बेड शीट को लेकर झगड़ा हो गया। बीकानेर के लूणकरणसर आते-आते झगड़ा बढ़ गया। इस दौरान जुबेर ने चाकूबाजी की, जिससे उसका काफी खून बह गया। डिब्बे में खून ही खून हो गया। वह ट्रेन में तड़पता रहा। आनंद कुमार ने बताया- रात करीब 12:15 बजे ट्रेन बीकानेर पहुंची, यहां पहले से जीआरपी और रेलवे के डॉक्टर मौजूद थे। डॉक्टर ने चेक किया और जिगर कुमार को बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल रेफर किया, जहां डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया- इस झगड़े में और भी युवक शामिल है या नहीं, इस बारे में पुलिस जांच कर रही है। फिलहाल जुबेर को ही गिरफ्तार किया गया है।

New Delhi

# सरकारी कैम्पस में कुत्तों को खाना खिलाने के नियम बनेंगे

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को देश भर में आवारा कुत्तों के बढ़ते हमले के मामले पर सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि वह सरकारी बिल्डिंग्स के कैम्पस में कुत्तों को खाना खिलाने के नियम के लिए निर्देश जारी करेगा। मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि इससे जुड़ा आदेश एक-दो दिन में अपलोड कर दिया जाएगा। कोर्ट ने सभी राज्यों के मुख्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने से भी राहत दे दी। जस्टिस नाथ ने कहा कि दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव के अलावा सभी राज्यों ने अपने हलफनामे दाखिल कर दिए हैं।अब मुख्य सचिवों की व्यक्तिगत पेशी




की जरूरत नहीं होगी। हालांकि, अगर हलफनामे में चूक हुई, तो उन्हें पेश होना पड़ेगा। मामले की अलग सुनवाई 7 नवंबर को होगी।

खेल

# दीपक हुड्डा के दोहरे शतक से राजस्थान का विशाल स्कोर

## जायसवाल ने मुंबई को अच्छी शुरुआत दिलाई

**नवी मुंबई, (एजेंसी)** यशस्वी जायसवाल के मैच के दूसरे अर्धशतक से मुंबई ने सोमवार को रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच के तीसरे दिन राजस्थान के खिलाफ दूसरी पारी में बिना विकेट खोए 89 रन बनाए। राजस्थान ने इससे पहले दीपक हुड्डा के दोहरे शतक से पहली पारी छह विकेट पर 617 रन पर घोषित करके 363 रन की बढ़त हासिल की।

दूसरे दिन शतक पूरा करने वाले हुड्डा ने 335 गेंद में 248 रन की पारी खेली। कार्तिक शर्मा ने भी राजस्थान के लिए 139 रन बनाए। दिन का खेल खत्म होने पर मुंबई की ओर से जायसवाल 56 जबकि मुशीर खान 32 रन बनाकर खेल रहे थे। मुंबई की



टीम अब भी राजस्थान से 274 रन से पीछे है। नई दिल्ली में पुडुचेरी ने दिल्ली के 294 रन के जवाब में 481 रन बनाकर पहली पारी में बढ़त हासिल की। पुडुचेरी की तरफ से अजय रोहेरा ने 151 रन बनाए जबकि जयंत यादव (71) और अमन खान (66) ने भी अर्धशतक जड़े। दिल्ली ने दूसरी पारी में बिना विकेट खोए 76 रन बना लिए हैं। अर्पित राणा 40 जबकि सनत सांगवान 24 रन बनाकर खेल रहे हैं। दिल्ली की टीम अब भी पुडुचेरी से 111 रन से पीछे है। पहले दो मैचों में कामयाब रहने के बाद सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को कोई विकेट नहीं मिला जबकि हनुमा विहारी ने शतक लगाकर रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी के मैच के तीसरे दिन सोमवार को बंगाल के खिलाफ त्रिपुरा को संकट से निकाला। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर त्रिपुरा ने सात विकेट पर 273 रन बना लिये थे। विहारी 121 और कप्तान मणिशंकर मूरासिंह 42 रन बनाकर खेल रहे थे। दोनों ने आठवें विकेट की साझेदारी में 73 रन जोड़ लिये हैं। पूर्व चैम्पियन बंगाल ने पहली पारी में 336 रन बनाये थे। त्रिपुरा की शुरूआत काफी खराब रही और उसके चार विकेट 35 रन पर गिर गए थे। मध्यम तेज गेंदबाज मोहम्मद कैफ ने 19 ओवर में 53 रन देकर चार विकेट लिये।

सिनेमा

# चकाचौंध छोड़ नूपुर अलंकार बनीं पीताम्बरा मां, गुफा में बसाया घर-भिक्षा मांग कर रहीं गुजारा



टीवी की मशहूर एक्ट्रेस नूपुर अलंकार अगले जन्म मोहे बिटिया ही कीजो और घर की लक्ष्मी बेटियां जैसे फेमस शोज के लिए जानी जाती हैं. लेकिन अब वो मां पीताम्बरा बन चुकी है. उन्होंने साल 2022 में सभी को चौंकाते हुए संसारिक जीवन त्याग कर संन्यास ले लिया. मनोरंजन जगत में सफल करियर के बाद उन्होंने पूरी तरह से आध्यात्मिक जीवन को अपनाने का फैसला किया. नूपुर ने बताया कि किन परिस्थितियों ने उन्हें ये बड़ा कदम उठाने पर मजबूर किया. टेली टॉक इंडिया से उन्होंने कहा कि भले ही एक्टिंग के दौरान भी उनका जीवन आध्यात्मिक झुकाव वाला रहा हो, लेकिन निजी जिंदगी में आए दुखों और आर्थिक परेशानियों की एक लंबी फेहरिस्त ने उन्हें संसार से दूर होकर ईश्वर की भक्ति के रास्ते पर ला दिया.नूपुर ने बताया कि PMC बैंक घोटाला उनके जीवन का सबसे बड़ा मोड़ साबित हुआ. उन्होंने कहा,"मेरे जीवन में जो कुछ भी हुआ, वह सब गूगल पर दर्ज है. सब कुछ PMC बैंक घोटाले से शुरू हुआ, जब जिंदगी की सच्चाई सामने आई. इस घोटाले के बाद मेरी मां बीमार हो गईं, उनके इलाज में आर्थिक दिक्कतें आईं. फिर मेरी मां और बहन दोनों का निधन हो गया- वही मेरे लिए आखिरी झटका था."

## Highlights

1. Muslims should give up benefits if they hate PM Modi: Yadav
2. 'Can't properly talk to son': Sole survivor of Air India crash
3. Can you write it in English: Owaisi on Tejashwi calling him 'extremist'
4. Never heard any PM use such words: Tejashwi on his 'katta' remark
5. Maha reserves 70% jobs in District Cooperative Banks for locals

# Supreme Court allows govt to consider full relief on all Vi dues, shares surge




**NEW DEIHI, (Agency).** The Supreme Court has modified its earlier order to allow the government to consider relief on all Voadone Idea dues, a move that sent the company's share price soaring 10%.

Vodafone Idea had filed a review petition in Supreme Court to seek relief on both additional AGR dues and the reassessment of all dues up to FY17.

Last week, the Supreme Court had said the government was free to reconsider Vodafone Idea AGR dues, causing uncertainty over whether the observation applied only to the firm's additional AGR dues or the entire amount owed. Vi had sought relief both on the additional AGR dues worth about ₹9,500 crore and its total AGR dues of nearly ₹80,000 crore.

Vi's moratorium on spectrum and adjusted gross revenue payments ended in September. As on date, Vodafone Idea's debt is estimated at more than ₹2 lakh crore.

India's telecom operators, including Vodafone Idea, have long contested the government's method of calculating AGR, which determines the licence fees and other dues.

Separately, Vodafone Idea informed the stock exchanges that the company's board isn't considering a fundraising proposal, amid media reports that US-based private equity firm Tillman Global Holdings is in negotiations to invest $4-6 billion (about ₹35,000 to ₹52,800 crore) in the company to buy out promoters Aditya Birla Group and the UK's Vodafone Group Plc.

On Monday, Vodafone Idea shares rose 9.28% to ₹9.54 apiece on the BSE even as the benchmark Sensex ended the day 0.05% higher

# OpenAI, Amazon strike $38-billion deal for ChatGPT to use AWS

**NEW DEIHI, (Agency).** Amazon.com Inc. will supply OpenAI with cloud computing services under a multi-year $38-billion deal, giving the ChatGPT maker access to hundreds of thousands of Nvidia graphics processors to train and run its artificial intelligence models.




The agreement announced on Monday underscores the AI industry's surging appetite for computing power, driven by the pursuit of technology capable of matching or surpassing human intelligence. It sent Amazon shares up 5% in premarket trading.

OpenAI will begin using Amazon Web Services immediately, with all planned capacity set to come online by the end of 2026 and room to expand further in 2027 and beyond.

The deal is among the first major moves by OpenAI since it completed a restructuring last week that frees the ChatGPT maker to move away from its nonprofit roots. Reuters has reported it was laying the groundwork for an initial public offering that could value the company at up to $1 trillion.

But surging valuations of AI companies and their massive spending commitments, which total more than $1 trillion for OpenAI, have raised fears that the AI boom is inflating into a bubble.

# शादी से पहले की जांच हो या किसी कोर्ट केस से संबंधित सबूतों की जरूरत....

# व्यक्तिगत-व्यापारिक जीवन में कोई शंका या सबूत की जरूरत.....

# कहीं किसी के द्वारा धोखा या छल तो नहीं किया जा रहा...

जांचिए ! परखिये !!

ऐसे सारी परिस्थितियों के लिए

## "डिटेक्टिव" को अपना मित्र बनाए ...

गोपनीयता और विश्वनीयता के साथ जांच करवाएं.....तब निर्णय करें ।

समाज में जागरूकता फैलाये ।

FOLLOW US

DETECTIVE GROUP

Detecting the truth.

091110 50101 | www.detectivegroup.in | www.detectivesgroup.com


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक